# CASE STUDY- 02

आप एक मध्यवर्गीय शहर में डिग्री कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य है। प्रधानाचार्य हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं और प्रबंधन उनके प्रतिस्थापन की तलाश कर रहा है। यह भी माना जाता है कि प्रबंधन आपको प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नत कर सकता है। इस बीच वार्षिक परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय से आए उड़नदस्ते ने दो छात्रों को अनुचित तरीकों का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। कॉलेज का एक वरिष्ठ व्याख्याता व्यक्तिगत रूप से इन छात्रों को इस कार्य में मदद कर रहा था। यह वरिष्ठ व्याख्याता प्रबंधन का करीबी भी माना जाता था। उनमें से एक छात्र स्थानीय राजनेता का बेटा था, जो कॉलेज को वर्तमान प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से संबंधन कराने में मददगार रहा था। दूसरा छात्र एक स्थानीय व्यवसायी का बेटा था जिसने कॉलेज चलाने के लिए अधिकतम धन दान दिया था। आपने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में तुरंत प्रबंधन को सूचित किया। प्रबंधन ने आपको किसी भी कीमत पर उड़नदस्ते के साथ इस मुद्दे को हल करने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि इस घटना से न केवल कॉलेज की छवि खराब होगी बल्कि राजनेता और व्यवसायी भी कॉलेज के कामकाज के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण व्यक्ति हैं। आपको यह भी सकेत दिया गया था कि प्रधानाचार्य के रूप में आपकी आरोपी पदोन्नति उड़नदस्ते के साथ मुद्दे को हल करने का आपका क्षमता पर निर्भर करती है। इस दौरान आपके प्रशासन अधिकारी ने सूचित किया कि छात्र संघ के कुछ सदस्य इस घटना में शमिल वरिष्ठ व्याख्याता और छात्रों के खिलाफ कॉलेज के गेट के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

(a) इस मामले से संबंधित नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

(b) उप-प्रधानाचार्य के रूप में आपके पास उपलब्ध विकल्पों का आलोचनात्मक रूप से परीक्षण कीजिए। आप कौन-सा विकल्प अपनाएँगे और क्यों?

**( 250 शब्दों में उत्तर दीजिए, IAS-2021 )**

*You are Vice Principal of a degree college in one of the middle-class towns. Principal has recently retired and management is looking for his replacement. There are also feelers that the management may promote you as Principal. In the meantime, during annual examination the flying squad which came from the university caught two students red-handed involving in unfair means. A senior lecturer of the college was personally helping these students in this act. This senior lecturer also happens to be close to the management. One of the students was son of a local politician who was responsible in getting college affiliated to the present reputed university. The second student was son of a local businessman who has donated maximum funds for running of the college. You immediately informed the management regarding this unfortunate incident. The management told you to resolve the issue with flying squad at any cost. They further said that such incident will not only tarnish the image of the college but also the politician and businessman are very important personalities for the functioning of the college. You were also given hint that your further promotion to Principal depends on your capability in resolving this issue with flying squad. In the meantime, you were intimated by your administrative officer that certain members of the student union are protesting outside the*


KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880

*college gate against the senior lecturer and the students involved in this incident and demanding strict action against defaulters.*

(a) *Discuss the ethical issues involved in the case.*

(b) *Critically examine the options available with you as Vice Principal. What option will you adopt and why?*

**(Answer in 250 words) IAS-2021**

**उत्तर:**

**समाधान:**

परीक्षा में चोरी शिक्षा व्यवस्था में विद्यमान भ्रष्टाचार, मिलीभगत, प्रतिभाओं के अन्याय एवं येनकेन प्रकारेण, लक्ष्य सिद्धि की मनोवृत्ति को दर्शाता है।

केस में अंर्तनिहित नैतिक मुद्दें-

1. तात्कालिक हित बनाम दीर्घकालीक हित।
2. व्यक्तिगत हित, व्यवसायिक हित बनाम संस्था का हित।
3. साधन की अपवित्रता साध्य को भी अपवित्र कर देती है। (गाँधी)
4. चोरी अनैतिक क्योंकि इसे सार्वभौम नहीं बनाया जा सकता। (कॉण्ट)
5. मेधावी छात्रों के साथ अन्याय एवं उनके मनोबल पर प्रहार।
6. अंतर्रात्मा का संकट एवं मूल्यों का संकट।
7. चोरी स्वयं की गरिमा एवं आत्मसम्मान पर प्रहार करती है और साथ ही पश्चाताप की भावना अंतर्रात्मा
8. धन-बल का लक्ष्य-प्राप्ति में गलत उपयोग।

**उपलब्ध विकल्प:**

**प्रथम विकल्प:** उड़नदस्ते को अपना काम करनें देगें और दोनों छात्रों को निलंबित कर वरिष्ठ अध्यापक पर नियमानुसार कार्यवाही करेगें।

| क्र.सं. | गुण | दोष |
|---|---|---|
| 1. | मेधावी एवं ईमानदार छात्रों को मनोबल बढ़ेगा। | फण्ड की कमी एवं राजनीतिक दबाव से कॉलेज संचालन पर असर पड़ेगा। |
| 2. | विरोध प्रदर्शन समाप्त होगा। | कॉलेज की प्रतिष्ठा एवं सम्मान पर तात्कालिक तौर आंच आयेगी। |
| 3. | गलत काम की मंशा रखने वाले लोगों को सख्त संदेश जायेगा। | स्वयं के प्रिंसिपल बनने की संभावना कम हो जायेगी। |
| 4. | निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। | |

**द्वितीय विकल्प:** *उड़नदस्ते को मैनेजमेंट की तरफ से आये संदेश को बताकर, उन्हे किसी प्रकार से मैनेज कर छात्रों एवं वरिष्ठ अध्यापक पर कार्रवाई से बचाने का प्रयास करना।*



KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880

| क्र.सं. | गुण | दोष |
|---|---|---|
| 1. | कॉलेज की प्रतिष्ठा एवं सम्मान की रक्षा होगी। | मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होगा। |
| 2. | स्वयं को प्रिंसिपल पद मिलने की संभावना बढ़ेगी। | स्वयं की अंतर्रात्मा में पश्चाताप एवं ग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। |
| 3. | दोनों छात्रों एवं अध्यापक का भविष्य सुरक्षित रहेगी। | भविष्य में गलत काम करने की मनोवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। |
| 4. | | कॉलेज के बारे में भी गलत संदेश जायेगा। |

***तीसरा विकल्प:*** वरिष्ठ अध्यापक पर कठोर कार्रवाई और छात्रों पर कम कठोर कार्रवाई।

वरिष्ठ अध्यापक व्यक्तिगत तौर पर छात्रों को गलत काम करने में मदद करने, अतः प्राथमिक रूप से दोषी है अतः उड़नदस्ते द्वारा की गयी बातों को आगे बढ़ायेगें। अध्यापक पर कड़ी कार्रवाई एवं छात्रों पर कम कठोर कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान करेगें।

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR


KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880